# मुंबई में चुनाव प्रचार के बाद सुबह सैर के दौरान जुहू बीच पहुंचे सीएम धामी

## – जुहू बीच पर बच्चों के साथ खेला क्रिकेट, स्थानीय लोगों में मुख्यमंत्री धामी के साथ सेल्फी लेने के लिए दिखा उत्साह

**मॉर्निंग वॉक**

**-मुख्यमंत्री ने केदार खंड और मानस खंड की यात्रा पर आने का लोगों को दिया निमंत्रण**

**देहरादून/मुंबई/टीम एक्शन इंडिया/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सोमवार को मुंबई में चुनाव प्रचार के बाद जुहू बीच पर सुबह की सैर की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से बातचीत की। उन्होंने



जुहू बीच में बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेला। लोगों ने सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की सफलता और उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के लिए मुख्यमंत्री धामी की सराहना की।
सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जुहू बीच पर सैर के लिए निकले। पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने धामी को पहचान लिया और एक के बाद एक कई लोग उत्सुकतावश उनसे मिलने पहुंच गए। लोगों में धामी के साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई। धामी ने सभी की कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केदार खंड और मानस खंड की यात्रा पर आने का लोगों को निमंत्रण दिया।
इसी बीच क्रिकेट खेल रहे बच्चों पर धामी की नजर पड़ी तो वह खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने कुछ देर तक बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेली। धामी उत्तराखंड में रहें या प्रदेश से बाहर, मॉर्निंग वॉक करना और आम लोगों से मिलना उनकी आदत में शुमार रहा है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विकास और सुशासन की पिच पर उत्तराखण्ड नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा। जब लोग हमारे प्रदेश की प्रशंसा करते हैं तो मस्तक गर्व से ऊंचा हो जाता है।

# आयुक्त गढ़वाल मंडल ने ट्रांजिस्ट कैंप ऋषिकेश का किया औचक निरीक्षण

**जायजा**

**-अधिकारियों के साथ यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा, चारों धामों में क्षमता के अनुरूप यात्री भेजे जा रहे हैं**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे ने ट्रांजिस्ट कैंप परिसर ऋषिकेश का औचक निरीक्षण करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त गढ़वाल मंडल ने संबंधित अधिकारियों के साथ उपलब्ध यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को चारधाम यात्रा को सुगम सुविधा बनाए रखने के निर्देश दिए।
आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित



किया कि यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की ढिलाई ना हो इस बात का ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए आए प्रत्येक यात्री को सुगम एवं सुरक्षित यात्रा करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए सरकार एवं प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही पंजीकरण व्यवस्थाएं प्रचलित है। चारों धामों में क्षमता के अनुरूप यात्री भेजे जा रहे हैं। डॉरमेट्री कक्ष, स्वास्थ्य सुविधा केंद्र, यात्रियों को विश्राम करने के लिए टेंट स्थल, यात्री पंजीकरण कक्ष, आदि समुचित स्थल/ कार्यों का निरीक्षण किया।

# आदि कैलाश के लिए पहला दल काठगोदाम से रवाना

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
काठगोदाम से आदि कैलाश यात्रा का पहला दल रवाना होने के साथ ही इस वर्ष की आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा शुरू हो गई है। कुमाऊं मंडल विकास निगम के टूरिस्ट रेस्ट हाउस काठगोदाम से महाप्रबंधक विजयनाथ शुक्ल ने आदि कैलाश यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व यात्रा करने आए श्रद्धालुओं का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक ने बताया कि पहले दल में 49 यात्री हैं, जो 8 दिन में आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा के साथ-साथ कुमाऊं मंडल के मंदिरों के दर्शन कर आएंगे।

# ऋषिकेश में शंकराचार्य की जयंती पर बैंड बाजों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

**शोभायात्रा**

**गंगा के त्रिवेणी घाट पर गंगा पूजन और भगवान आदिगुरु शंकराचार्य जी की पादुका-पूजन से किया गया**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भगवान आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर जनार्दन आश्रम दंडीवाडा स्थित स्वामी शंकराचार्य माधवाश्रम समाधि संस्थान ने नगर में बैंड बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली।
शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माँ गंगा के त्रिवेणी घाट पर गंगा पूजन और भगवान आदिगुरु शंकराचार्य जी की पादुका-पूजन से किया गया।



उसके पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें अनेकों संत-महात्मा, गणमान्य लोग, संस्कृत विद्यालयों के छात्र, प्रधानाचार्य एवं अध्यापक मातृ शक्ति वैदिक ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जनार्दन आश्रम दंडीवाडा में पहुंची, वहां पर अनेक संत-महात्माओं ने भगवान आदिगुरु शंकराचार्य जी के की ओर से सनातन संस्कृति के लिए किए गए योगदान के बारे में बताया।
विशाल श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता करते हुए काशी से पहुंचे हुए दंडी स्वामी अनिरुद्धानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि जब हमारे देश में सनातन धर्म पर आक्रांताओं ने आक्रमण किया, ऐसे समय पर भगवान आदि गुरु शंकराचार्य ने सम्पूर्ण सनातन धर्मावलंबियों को एक करने के लिए भारत वर्ष की चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की, जिन मठों पर वेद विद्या का अध्ययन-अध्यापन होता था। भारत के चारों धामों के पुनर्स्थापना के साथ ही उन्होंने अनेकों हजारों मठ मंदिरों को पुनःस्थापित किया। उन्होंने कहा कि उसी परम्परा को ब्रह्मलीन ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम ने आगे बढ़ाया। हम सबको उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर इस सनातन धर्म की रक्षा करनी चाहिए।
इस शुभ अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल, महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कंडवाल, महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी ईश्वर दास, मंहत शिवानंद गिरी, महाराज स्वामी वागीश स्वरूप महाराज, स्वामी कल्याण स्वरूप महाराज, स्वामी अच्युतानंद, महन्त जगदीश प्रपन्नाचार्य, स्वामी अखण्डानन्द, प्रोफेसर महेश चन्द्र सिलोडी, डाँक्टर प्रकाश चमोली महामंडलेश्वर प्रकाशानंद, डॉक्टर राजेश नैथानी ने आद्यगुरु शंकराचार्य जी के विषय में अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के अंत में आश्रम के प्रबंधक केशव स्वरूप ब्रह्मचारी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री धामी ने सीबीएसई इंटरमीडिएट के उत्तीर्ण छात्रों को दी शुभकामनाएं, बोले- आप सफलता के पथ पर अग्रसर रहें

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को और मेहनत कर सफलता हासिल करने की सलाह दी है।
मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले समस्त विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई। आप इसी प्रकार परिश्रम और लगन के साथ सफलता के पथ पर अग्रसर रहें। अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थी पुनः मेहनत कर सफलता को अर्जित कर सकते हैं। सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं।

### लीडलेस पेसमेकर-अनियमित हृदय ताल वाले रोगियों के लिए एक वरदान

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
हृदय संबंधी स्थितियां जैसे ब्रैडीकार्डिया, एक ऐसी स्थिति हैं जिसमें हृदय बहुत धीमी गति से धड़कता है, और एवी ब्लॉक की वजह से हृदय के ऊपरी और निचले कक्ष के बीच अनियमित हृदय ताल की समस्या होती है। इसके कारण सांस की तकलीफ, धड़कन और थकान जैसे लक्षण होने की समस्या बनी रहती है। परंपरागत रूप से, पारंपरिक पेसमेकर का उपयोग हृदय गतिविधि को विनियमित करने के लिए किया जाता था। इसमें एक पेसमेकर उपकरण शामिल है जिसे कॉलर बोन के नीचे प्रत्यारोपित किया जाता है और छाती पर एक छोटा सा चीरा लगाकर बिजली के तार (जिसे लीड कहा जाता है) को एक छोर पर पेसमेकर से और दूसरे छोर पर हृदय से जोड़ा जाता है। लेकिन हाल के नवाचार, जैसे सीसा रहित पेसमेकर, एक आशाजनक विकल्प प्रदान करते हैं। सीधे हृदय में प्रत्यारोपित किए गए ये छोटे उपकरण कम आक्रामक और अधिक कुशल समाधान प्रदान करते हैं।
श्री महंत इंद्रेश अस्पताल, देहरादून में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख, लीडलेस पेसमेकर थेरेपी विशेषज्ञ डॉ. सलिल गर्ग कहते हैं, लीडलेस पेसमेकर सीधे हृदय तक विद्युत आवेग पहुंचाते हैं, ब्रैडीकार्डिया और एवी ब्लॉक से जुड़ी अनियमित लय को प्रभावी ढंग से संबोधित करते हैं। यह परिवर्तनकारी दृष्टिकोण रोगी के परिणामों और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का वादा करता है।

### बिरला ओपस के साथ पेंट्स के नए युग में प्रवेश करें

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आदित्य बिरला ग्रुप ने फरवरी 2024 में बिरला ओपस के लॉन्च के साथ पेंट उद्योग में प्रवेश किया था। बिरला ओपस की शुरूआत के साथ आदित्य बिरला ग्रुप तेजी से बढ़ते हुए 80,000 करोड़ रुपये के भारतीय डेकोरेटिव पेंट उद्योग में प्रवेश कर गया, जिसके लिए कंपनी ने 10,000 करोड़ रुपये का बड़ा अग्रिम निवेश किया। 15 मई, 2024 से कंपनी के मजबूत डीलर नेटवर्क द्वारा बिरला ओपस के सभी उत्पाद पूरे देश में उपलब्ध होंगे।
बिरला ओपस के सीईओ, रक्षित हर्गवे ने कहा बिरला ओपस आदित्य बिरला ग्रुप के लिए एक रणनीतिक पहल है। इसका उद्देश्य पेंट्स उद्योग में एक नया युग शुरू करना है। हम विभिन्न शहरों में वितरण और अपने नेटवर्क को मजबूत बनाकर इसकी उपलब्धता बढ़ाना चाहते हैं एक्स्पो में हमें अपनी डीलर मीट्स, पेंटर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, आर्किटेक्ट्स, और इंटीरियर डिजाईनर्स से बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। हमने विशाल स्तर पर कॉन्ट्रैक्टर्स को सैंपल प्रदान किए, और वो सभी बिरला ओपस पेंट्स का उपयोग कर अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए उत्साहित हैं।
विभिन्न स्थानों पर आयोजित अपनी पिछली एक्स्पो और डीलर मीट्स को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद बिरला ओपस अब बाजार में उतरने के लिए उत्साहित है और हम विभिन्न स्थानों पर तेजी से अपना विस्तार कर रहे हैं। बिरला ओपस सभी सेगमेंट्स में विस्तृत पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जिसमें इंटीरियर, एक्सटीरियर, वाटरप्रूफिंग, इनैमल पेंट्स, वूड फिनिश, और वॉलपेपर्स सहित सभी श्रेणियों में बेहतर उत्पाद शामिल हैं। बिरला की विरासत और ओपस की क्रिएटिविटी के साथ बिरला ओपस का उद्देश्य पेंट उद्योग में इनोवेशन लाना है।

# एम्स की टीम ने प्रथम कॉरपोरेट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट पांच रन से जीता




**टी 20 क्रिकेट**

**-सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब अंकित कोहली को मिला**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
वीरभद्र क्रिकेट अकादमी, आईडीपीएल, ऋषिकेश की ओर से आयोजित प्रथम कॉरपोरेट टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का फाइनल मैच आईडीपीएल स्कूल क्रिकेट ग्राउंड पर एम्स ऋषिकेश और के-के स्पोर्ट्स श्यामपुर के बीच खेला गया।
फाइनल मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. राजे नेगी, हाकी कोच समाजसेवी देवेश्वर रतूड़ी और खेल प्रशिक्षिक ओम प्रकाश गुप्ता ने विजेता और उपविजेता टीमो को पुरस्कृत किया।
फाइनल मैच में एम्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और निर्धारित 20 ओवर में पूरी टीम 166 रन बनाकर आउट हो गई। इसके जवाब में केके स्पोर्ट्स की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर सिर्फ 161 रन ही बना सकी और एम्स की टीम ने यह टूर्नामेंट पांच रन से जीत लिया।
ऑल राउंडर परफॉर्मेंस के लिए एम्स टीम के आनंद शुक्ला को मैन ऑफ द मैच और केके स्पोर्ट्स के खिलाड़ी अंकित कोहली को फाइटर ऑफ द मैच ट्रॉफी से नवाजा गया।
सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब केके स्पोर्ट्स के खिलाड़ी अंकित कोहली को दिया गया। अतिथियों ने सभी विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को मोमेंटो और ट्रॉफी प्रदान की।
समाजसेवी डॉ. राजे नेगी ने टूनामेंट के सफल और सुन्दर आयोजन के लिए वीरभद्र क्रिकेट अकादमी के मुख्य कोच अभिषेक नेगी का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि अभिषेक नेगी लगातर जिस तरह से ऋषिकेश के आसपास के बच्चों को क्रिकेट की कोचिंग दे रहे है, निश्चित रूप से आने वाले समय में इस एकेडमी के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करेंगे।

# सड़कों की दुर्दशा पर उक्रांद नाराज, तत्काल कार्रवाई की जाए

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सड़कों की दुर्दशा पर उत्तराखंड क्रांति दल के लोग काफी नाराज हैं। दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी किरन रावत कश्यप ने खराब सड़कों पर गंभीर चिंता जताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग कार्यों को करने के लिए एक ही सड़क पर कितनी बार खुदाई करवाई जाएगी।सोमवार को उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि एक ओर से सड़क बनाई जाती है तथा दूसरी ओर से खुदवाई जाती है। देहरादून महानगर में चारों तरफ सड़कों पर गहरी सीवर लाइन के कार्य के चलते भीषण गर्मी में जनता को भारी जाम के चलते परेशान होना पड़ रहा है।

# पूंजीपतियों के हाथों में खेल रही सरकार: उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष

**चुनावी भ्रमण**

**उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा 12 मई से हरियाणा और दिल्ली के चुनावी भ्रमण पर हैं**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा 12 मई से हरियाणा और दिल्ली के चुनावी भ्रमण पर हैं। सोमवार को करन माहरा हरियाणा पहुंचे, जहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा



संग सिरसा लोकसभा क्षेत्र के भोटिया खेड़ा मानांवाली, खैराती खेडा, कुकडावाली आदि स्थानों पर चुनाव प्रचार कर जनता से कांग्रेस के पक्ष में समर्थन मांगा।
कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रही है। जबकि भाजपा सरकारी तंत्र का उपयोग कर झूठे वादों तथा धर्म के नाम पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की सत्ता में बैठी सरकार पूंजीपतियों के हाथों में खेल रही है।
ईडी, सीबीआई जैसी देश की संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल राजनैतिक स्वार्थ के लिए किया जा रहा है।

# भाजपा धर्म की आड़ में लोगों की भावनाएं भड़का रही: माहरा

**पलटवार**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूल रहे हैं कि भारत में आर्य समाज की स्थापना कांग्रेस के समय हुई थी: माहरा**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के कांग्रेस पार्टी को सनातन धर्म के विरुद्ध बताने वाले बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। भाजपा हिंदू धर्म की आड़ में लोगों की भावनाएं भड़का रही है।
प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने कहा कि




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूल रहे हैं कि भारत में आर्य समाज की स्थापना कांग्रेस के समय हुई थी। विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कांग्रेस शासन में हुआ था। भाजपा जिस राम मंदिर निर्माण का श्रेय स्वयं ले रही है, उसका ताला भी स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल में खुलवाया गया था। यही नहीं, केदारनाथ में आई भीषण आपदा के बाद जब भाजपा के नेता देश-विदेश में दुष्प्रचार कर रहे थे कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा सुगम नहीं है, तब कांग्रेस सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में ही श्रीकेदारनाथ की सुगम यात्रा शुरू करने में कामयाबी हासिल की थी। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनैतिक स्वार्थ के लिए हिंदू धर्म की आड़ में लोगों की भावनाएं भड़का कर चुनावी लाभ लेना चाहती है। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा नेता लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक रही चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की बात तो चारधाम यात्रा की व्यवस्थाएं पहले दिन से ही चरमराई हुई है। तीर्थयात्रियों को सरकारी अव्यवस्थाओं से दो-चार होना पड़ रहा है।

# केदारनाथ दर्शन को पहुंच रहे तीर्थयात्री व्यवस्थाओं से खुश, धाम में लगातार चल रही साफ-सफाई

**केदारनाथ**

**तीर्थ यात्रियों को केदारनाथ धाम में सभी मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत हैं।**

**केदारनाथ/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की धामी सरकार की विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ सहित चारधाम यात्रा में आए तीर्थयात्रियों को सरल, सुगम और सुखद यात्रा को लेकर संकल्पित है। इसी के तहत आस्था पथ पर रेन सेल्टर बनाए गए हैं, जिससे तीर्थयात्री बारिश के दौरान भीगने से बच रहे हैं। केदारनाथ धाम की तीर्थयात्रा पर पहुंच रहे यात्री मीडिया से अपनी यात्रा के अनुभव साझा कर रहे हैं। अधिकांश यात्री जहां व्यवस्थाओं से खुश हैं वहीं कुछ यात्री व्यवस्थाओं में सुधार लाने की बात कर रहे हैं।
केदारनाथ धाम में आस्था पथ से जाने वाले दर्शन को जाने वाले यात्री रेल सेल्टर बनाए जाने की व्यवस्था से खुश दिखाई दे रहे हैं। इससे उन्हें बारिश में भीगना नहीं पड़ रहा है। यह यात्रियों के लिए बड़ी राहत है। हालांकि पैदल मार्ग में यात्रियों को बारिश से परेशानियां जरूर हो रही हैं। तीर्थ यात्रियों को केदारनाथ धाम में सभी मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए जिला प्रशासन सहित संबंधित विभाग निरंतर प्रयासरत हैं।
केदारनाथ धाम में स्वच्छ और साफ सुथरा वातावरण श्रद्धालुओं को उपलब्ध हो, इसके दृष्टिगत नगर पंचायत केदारनाथ एवं सुलभ इंटरनेशनल के पर्यावरण मित्रों की ओर से निरंतर साफ सफाई व्यवस्था



की जा रही है।
केदारनाथ धाम के दर्शन करने आये मुंबई महाराष्ट्र के यात्री वैभव ओढेकर ने बताया कि वह अपने साथी के साथ पैदल चलकर केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। केदारनाथ धाम के दर्शन सुगमता के साथ हुए हैं। वे साफ सफाई की व्यवस्था से खुश हैं।
दिल्ली से आए तीर्थ यात्री राजेश चौधरी ने भी अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन बहुत ही अच्छे से हुए हैं। सरकार बेहतर कार्य कर रही है। पैदल यात्रा मार्ग से धाम तक रहने और खाने की व्यवस्था है। दिल्ली से आईं तीर्थ यात्री अनीशा कपूर ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि कुछ देर लाइन में लगने के बाद दर्शन हो रहे हैं। कुछ यात्रियों ने यह भी कहा कि कुछ दिक्कतें पैदल मार्ग पर हो रही हैं। जब यात्री, घोड़े-खच्चर और डंडी-कंडी एक साथ चल रहे हैं तो थो मुश्किल हो रही है। पैदल मार्ग पर सफाई की पूरी व्यवस्था है। साथ ही जगह-जगह गर्म पानी और ठंडे पानी की भी व्यवस्था की गई है। यात्री कह रहे हैं कि पैदल मार्ग पर एक साथ घोड़े-खच्चर, डंडी-कंडी और पैदल यात्रियों के चलने से दिक्कतें हो रही हैं। घोड़े-खच्चरों के धक्के लगने से चोटिल होने का खतरा बना हुआ है।

## वातावरण को दूषित करने वालों को किया जा रहा चालान-

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि धार्मिक स्थल में धूम्रपान कर वातावरण को दूषित करने वाले छह व्यक्तियों का चालान किया गया है। इसी के साथ दो दुकानदारों का गंदगी करने पर उनके चालान किए गए हैं। सभी संबंधित व्यक्तियों से एक हजार रुपये का अर्थ दंड वसूला गया और चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में दोबारा धार्मिक स्थल पर धूम्रपान करने व गंदगी करते पकड़े गए तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार की जायेगी।
केदारनाथ यात्रमार्ग में संचालित हो रहे घोड़े, खच्चरों का पशुपालन विभाग और निगरानी टीम की ओर से निरंतर जांच की जा रही है। किसी भी तरह से कोई भी घोड़ा, खच्चर यात्रा मार्ग में बिना लाइसेंस के संचालित न हो और घोड़े, खच्चरों के फिटनेस की भी जांच की जा रही है।

# सिद्धार्थ अग्रवाल ने नगर निकाय चुनाव में जिताऊ उम्मीदवार के बताये कौशल

बैठक

▶▶आपके चरित्र और सम्मान के आधार पर और पार्टी एवं संगठन के सहयोग के आधार पर नगर निगम के चुनाव लड़े जाते हैं: अग्रवाल





**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि नगर निकाय के चुनाव में कार्यकर्ता की लोकप्रियता व्यक्तिगत रूप से समाज के सभी वर्गों के साथ आपसी संबंधों के आधार पर, आप के द्वारा किए गए समाज में कार्यों के आधार पर, आपके चरित्र और सम्मान के आधार पर और पार्टी एवं संगठन के सहयोग के आधार पर नगर निगम के चुनाव लड़े जाते हैं।
वे मसूरी विधानसभा के श्री देव सुमन नगर मंडल में निकाय चुनाव को लेकर सोमवार को आयोजित एक बैठक में मुख्य अतिथि के बतौर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी का टिकट मांगना सभी कार्यकताओं का नैतिक अधिकार है। परंतु टिकट किसी एक ही कार्यकर्ता को मिलेगा। पार्टी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत टिकट का वितरण किया जाता है। कार्यकर्ता की संगठन में कितनी सक्रियता है। इस पर भी ध्यान रखा जाता है। नगर निगम के चुनाव नल, नाली सफाई व्यवस्था एवं क्षेत्र के छोटे-छोटे कार्यों के आधार पर होते हैं। आप सभी लोग क्षेत्र की सभी छोटी बड़ी समस्याओं के निदान के लिए अथक प्रयास करें और समस्याओं का निराकरण करने की कोशिश करें।
बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत ने की। इस बैठक में महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने भाग लिया और संचालन मंडल महामंत्री आशुतोष थापा, अंकित जोशी ने किया। बैठक में महानगर के महामंत्री सुरेंद्र राणा, मंडल के प्रभारी उमा नरेश तिवारी, विधानसभा के प्रभारी कमली भट्ट ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक में मुख्य रुप से पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता आरएस परिहार निरंजन डोभाल, पार्षद भूपेंद्र कठैत, सतेंद्र नाथ, चुन्नीलाल, मनजीत रावत एवं उत्तम चंद्र रमोला, मंसूर खान, श्याम सुंदर चौहान, युवा मोर्चा के विनय गुप्ता, अमोल डोभाल, मोहन बहुगुणा, महेंद्र चमोली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली पहुंचे कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा के बुराड़ी विधानसभा के संतनगर मंडल के कमल विहार और अजीत विहार में जनसंपर्क किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के स्टीकर भी लगाए और पत्रक भेंट कर क्षेत्रवासियों से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के पक्ष में मतदान की अपील की।
कैबिनेट मंत्री जोशी ने विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने में आगामी 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान भी किया।
चुनाव प्रचार में उनके साथ मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, रेखा रावत, बीजेपी प्रवासी प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक गिरीश बलूनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री विजय प्रताप राठौर, सुंदर सिंह रावत, अनंत गोपाल बिद्ढ, नवीन सिंह, जगमोहन बिष्ट, प्रताप सिंह रावत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मानवता की रक्षा के लिये आगे आयें सनातन के धर्माचार्य: नरसिंहानंद



आह्वान

▶▶अगर विश्व से सनातन धर्म मिटा तो इसके जिम्मेदार नेताओं से ज्यादा सनातन के धर्मगुरु होंगे

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने शिवशक्ति धाम डासना में 17 से 21 दिसम्बर को होने वाली विश्व धर्म संसद के लिये सभी सनातन धर्मगुरुओं से आशीर्वाद, मार्गदर्शन और सहयोग करने का आह्वान किया।
गंगा के मालवीय घाट पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि यदि सन्त समाज सनातन धर्म और सम्पूर्ण मानवता की रक्षा की जिम्मेदारी को समझते हुए विश्व धर्म संसद में उचित सहयोग करता है तो सम्पूर्ण विश्व का इतिहास एक नई करवट लेगा। इस महान आयोजन के लिये वो सनातन के सभी प्रमुख सन्तों से आशीर्वाद, मार्गदर्शन और सहयोग की भिक्षा मांगेंगे।
आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सार्वजनिक मंचों से इस्लामिक जिहाद और बढ़ते मुस्लिम जनसंख्या अनुपात की चर्चा कर रहे हैं तो सभी हिन्दुओं को समझ जाना चाहिये कि स्थिति कितनी भयानक है।
जो बातें आज प्रधानमंत्री कर रहे हैं, उन्ही बातों को कहने के लिये हमें कितनी मानसिक प्रताड़ना, धमकी, जेल और मुकदमों को झेलना पड़ा है।
उन्होंने सन्त समाज का आह्वान करते हुए कहा कि अब सन्त समाज को स्थिति की गम्भीरता को समझ लेना चाहिये और इस्लामिक जिहाद से मानवता की रक्षा के लिए सम्पूर्ण विश्व का वैचारिक नेतृत्व करना चाहिये। संत समाज धर्म रक्षा को राजनेताओं पर छोड़कर धर्म के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहा है। अगर विश्व से सनातन धर्म मिटा तो इसके जिम्मेदार नेताओं से ज्यादा सनातन के धर्मगुरु होंगे, क्योंकि धर्म की रक्षा की जिम्मेदारी नेताओं से ज्यादा धर्मगुरुओं की होती है।
प्रेस वार्ता में विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि आज हिन्दू समाज बिल्कुल अनाथ है। आज हिन्दुओं में बहुत बुरी तरह असुरक्षा और अकेलापन घर कर गया है। आज हिन्दू को इस असुरक्षा और अकेलेपन से निकालने के लिये सनातन के धर्मगुरुओ को भागीरथ प्रयत्न करना चाहिये। विश्व धर्म संसद इसके लिये होने वाला एक सटीक और प्रभावी प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि जिहाद की विभीषिका को न समझने के कारण ही आज सम्पूर्ण मानवता विनाश की ओर तेजी से जा रही है।
प्रेस वार्ता में पंडित अधीर कौशिक ने विश्व धर्म संसद को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रेस वार्ता में कुलदीप शर्मा, विनोद कुमार, विवेक नागर और अन्य उपस्थित थे।

## दुष्कर्म मामले में आरोपित को 20 साल सश्रम कारावास

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
विशेष सत्र न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट के आरोपित को 20 साल का सश्रम कारावास और जुमर्नें की सजा सुनाई है। इसके अलावा आईपीसी की धारा 377 और 323 के तहत 10 साल की सश्रम सजा और जुमार्ना लगाया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।
वर्ष 2022 के मामले में टनकपुर निवासी आरोपित राजेश ने एक नाबालिग से जबर्दस्ती अप्राकृतिक दुष्कर्म किया था। विशेष सत्र न्यायाधीश कहकशा खान ने दोनों पक्षों की दलील, साक्ष्य और अन्य तथ्यों के दृष्टिगत अभियुक्त को सजा सुनाई है। आरोपित को पॉक्सो एक्ट 5/6 में 20 साल का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।

## कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार से की मुआवजा देने की मांग

मांग

▶▶बेमौसमी बारिस और भारी ओलावृष्टि से सेब,आडू,खुमानी के बागान पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उत्तरकाशी के विकासखण्ड मोरी क्षेत्र में ओलावृष्टि से फल उत्पादक किसानों को हुए नुकसान की सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे पत्र में कहा है कि उत्तरकाशी जनपद के मोरी विकासखण्ड में सेव उत्पादक बंगान घाटी के किरानू,दुचानू और अन्य गांवों में विगत दिनों हुई ओला वृष्टि से सेब,फल,सब्जी उत्पादक किसानों की फसलों को क्षति हुई है।
बेमौसमी बारिस और भारी ओलावृष्टि से सेब,आडू,खुमानी के बागान पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं और अन्य फल, सब्जी एवं गेहूं की फसलों को भी क्षति हुई है। जिन किसानों की आजीविका फल बागानों पर आधारित है उनकी आजीविका पर गहरा संकट मंडराने लगा है। किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।
माहरा ने कहा कि बेमौसमी बरसात और भीषण ओलावृष्टि के कारण फल उत्पादक किसानों पर आई इस दैवीय आपदा से निपटने के लिए राज्य सरकार के स्तर पर यथाशीघ्र समुचित कदम उठाना चाहिए। इसका आंकलन कर नुकसान के बदले समुचित राहत राशि शीघ्र प्रदान की जाए। इस संबंध में वे शीघ्र ही प्रदेश के मुखिया से मिलकर अनुरोध करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया है कि वे भी अपनी क्षमता के अनुसार क्षेत्रवासियों की मदद के लिए आगे आएं।
करन माहरा ने मुख्यमंत्री धामी से मांग की है कि जनपद उत्तरकाशी के मोरी विकासखण्ड में अतिवृष्टि से हुई हानि का स्थानीय प्रशासन से यथाशीघ्र आंकलन करवा कर किसानों को समुचित राहत राशि प्रदान की जाये।

## प्रधानाचार्य पद की सीधी भर्ती की विज्ञप्ति निरस्त की जाए : राजकीय शिक्षक संघ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड की राजीव नवोदय देहरादून में 13 जनपदों एवम् दोनों मंडल कार्यकारिणी की प्रांतीय कार्यकारिणी ने बैठक की जिसमें ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रधानाचार्य पदों पर जो विभागीय भर्ती की विज्ञप्ति जारी की गई उसको निरस्त किया जाये।



बैठक में सौ फीसद पदोन्नति की बात एक स्वर में की गयी और साथ ही महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा एवं मंत्री शिक्षा ने संगठन को शिक्षकों के माँगों के ठोस निस्तारण के लिए अश्वासन दिया गया। संगठन ने खेद व्यक्त किया और सामूहिक निर्णय लिया कि अगर सरकार, शासन प्रधानाचार्य भर्ती को स्थगित नहीं करती और संगठन से विचार विमर्श नहीं किया जाता है। साथ ही संगठन के समझौतों पर पांच जून तक शासनादेश निर्गत नहीं किये जाते हैं तो राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड प्रदेश स्तर पर विशाल आंदोलन के लिए बाध्य ही नहीं होगा।

## नशा तस्कर के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई, नशीले कैप्सूलों के साथ एक गिरफ्तार



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने स्कूल, कॉलेज के छात्र और फैक्ट्रियों में मजदूरों को नशीले कैप्सूलों की सप्लाई करने वाले नशे के सौदागर को 4440 नशीले कैप्सूलों व एक मोटरसाइकिल के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह सहारनपुर से नशीले कैप्सूल यहां लाकर यहां सप्लाई किया करता था।
कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोतवाली ऋषिकेश पुलिस ने मुर्गी फार्म, आईडीपीएल, हरिद्वार रोड के पास से एक अभियुक्त को सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर यूके 14सी 4370 पर नशीले कैप्सूल की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली ऋषिकेश में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

तस्करी

▶▶-अभियुक्त के कब्जे से 4440 नशीले कैप्सूल हुए बरामद, तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को किया सीज

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त नशीले कैप्सूलों को सहारनपुर के डीलर से खरीदकर लाया गया था, जिसे आरोपित द्वारा स्कूल, कॉलेज के छात्रों तथा फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों को उंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाया जाता है। आरोपित से पूछताछ में कुछ अन्य नशा तस्करों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त हुई है, जिसके सम्बंध में जानकारी की जा रही है। पकड़े गए आरोपित का नाम जितेंद्र कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय मलखान निवासी गली नंबर 1 हनुमान मंदिर कॉलोनी ऋषिकेश बताया गया है।

## पुलिस ने पकड़ा अन्तर्राज्यीय जेबकतरों का गिरोह

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में पुलिस ने चार जेबकतरों को गिरफ्तार किया है। यह चलती बस में अकेले यात्रियों के साथ लूटपाट करते थे। गत दिवस एक पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।
गत दिवस मुकेश कुमार सक्सेना पुत्र मुन्ना लाल निवासी आदर्शनगर तल्ली बमोरी ने पुलिस को बताया कि मुरादाबाद से हल्द्वानी बस में आते समय कालूसाही मन्दिर के पास बस से उतरते समय किसी अज्ञात चोर ने उसकी जेब काटकर पर्स चोरी कर लिया है।

## केंद्र में भाजपा सरकार के लिए पीरान कलियर में चढ़ाई गई चादर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स और मुस्लिम समाज के लोगों ने हरिद्वार जनपद के कलियर शरीफ में स्थित विश्वप्रसिद्ध साबिर साहब की दरगाह पर चादर पेश कर दुआ मांगी। सभी ने नरेंद्र मोदी को तीसरे बार प्रधानमंत्री बनाने की दुआ मांगी।
वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने सोमवार को बताया कि विश्व प्रसिद्ध साबिर साहब की दरगाह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत को लेकर चादर पेश की गई और उनकी जीत को लेकर दुआ मांगी गई। हमने दुआ की है।
साबिर पाक के इस आसताने में आये हैं और हमने साफ मन से यहां दुआ की है कि



इस वक्त दुनिया में हर तरफ अफरा तफरी का माहौल है। जंग के कगार पर मुल्क खड़े हैं। ऐसी हालत में मुल्क की भाग दौड़ मजबूत हाथों में होनी चाहिए। अगर कोई कमजोर व्यक्ति आ गया तो देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसलिए हम सभी ने दरगाह पर दुआ की कि इस बार मोदी एक ऐतिहासिक जीत के साथ एक बार फिर प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालें। वह एक ऐतिहासिक जीत के साथ एक बार फिर प्रधानमंत्री बनें और वह यहां आएं।
हम सभी ने यहां दुआ कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड के अंदर पांचों लोकसभा सीटें भारी बहुमत से जीत कर आए और जब-जब हमने यहां आकर दुआ मांगी है तो वह तमाम दुआएं हमारी मकबूल और पूरी हुई हैं। साबिर पाक ने हमारे तमाम दुआओं को सुना। हमें उम्मीद है कि यह वाली दुआ भी साबिर पाक जरूर सुनेंगे। एक बड़ी जीत के साथ मोदी जी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे और मुल्क की जिम्मेदारी को संभालेंगे ऐसा हमारा मानना है। जो विपक्ष के नेता बोल रहे हैं कि देश का संविधान और मुसलमान खतरे में हैं, असलियत में उनकी दुकान खतरे में है। इसलिए वह देश की जनता और यहां रहने वाले मुसलमान को बरगलाने का काम कर रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने कोली ढेक झील में मत्स्य बीज डाल पर्यटकों को किया आकर्षित

मत्स्य बीज

▶▶-लोहाघाट की कोलीढेक झील में मत्स्य विभाग की ओर से विभिन्न प्रजाति के एक लाख मत्स्य बीज डाले गए।



**लोहाघाट(चम्पावत)**
सोमवार को लोहाघाट की कोलीढेक झील में मत्स्य विभाग की ओर से विभिन्न प्रजाति के एक लाख मत्स्य बीज डाले गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने कोलीढेक झील में मत्स्य बीज संचय करते हुए कहा कि इस झील से जिले में निरंतर पर्यटन गतिविधियां बढ़ रही हैं। मत्स्य बीज डालने से झील की प्राकृतिक सुंदरता बनी रहने के साथ ही झील का पारिस्थितिकी तंत्र भी मजबूत रहेगा। उन्होंने कहा कि इस झील के निर्माण से जिले में पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। कोलीढेक झील को स्वदेश दर्शन के अंतर्गत लिया गया है और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए और अधिक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।
जिलाधिकारी पांडे ने कहा कि यह झील जनपद में आकर्षण का केंद्र है।
हमारा यह भी प्रयास रहेगा की यहां आने वाले पर्यटक केवल बोटिंग तक ही सीमित न रहें, उन्हें यहां मनोरंजन के और भी साधन मिलें। ऐसा होने से यहां पर्यटकों की संख्या और अधिक बढ़ेगी। साथ ही स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।
डीएम ने कहा कि हमारा प्रयास है कि आने वाले समय में पर्यटकों को हर प्रकार की बेहतर से बेहतर सुविधाएं यहां मिलें। जनपद मत्स्य प्रभारी केएस बगड़वाल ने बताया कि एक लाख मत्स्य बीजों में कॉमन कार्प, ग्रास कार्प एवं सिल्वर कार्प हैं। मत्स्य बीजों से लगभग 6 महीनों में मछली की पैदावार शुरू हो जाएगी। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी लोहाघाट अशोक अधिकारी सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## घर के बरामदे में सो रही नाबालिग का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने घर के बरामदे में सो रही नाबालिग का दिनदहाड़े अपहरण करने वाले आरोपित को गिरफ्तार करने के साथ नाबालिग को भी सकुशल बरामद कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना भगवानपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित साहिब पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर हरिद्वार को ग्राम सिकरौढा गांव के पास मसई कलां जाने वाले सड़क मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से अपृहता को भी बरामद किया। पुलिस फरार दो अन्य आरोपितों रहान और दानिस पुत्रगण इस्लाम की तलाश में जुटी है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।



जनपद के थाना भगवानपुर के ग्राम अकबरपुर कालसो निवासी एक व्यक्ति ने बीते रोज अपनी नाबालिग पुत्री के तीन कार सवार लोगों ने घर के बरामदे में सो रही अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण कर लिए जाने के संबंध में तीन नामजद आरोपितों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। दिनदहाड़े नाबालिग के अपहरण से गांव में सनसनी फैल गई थी।
घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने नाबालिग की बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए थाने का घेराव भी किया था।

## अमन पेरिस खेलों के लिए कोटा जीतने वाले एकमात्र पुरुष भारतीय पहलवान; जयदीप, सुजीत क्वालीफायर से बाहर

एजेंसी

**इस्तांबुल।** सुजीत कलकल और जयदीप अहलावत ने रविवार को विश्व क्वालीफायर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों का अच्छा विरोध किया, लेकिन पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की झोली में और कोटा नहीं जोड़ सके, जहां देश में केवल एक पुरुष पहलवान अपनी चुनौती पेश करेगा।अपने महत्वपूर्ण 65 किग्रा कांस्य पदक मुकाबले में, सुजीत ने कौशल के मामले में यूएसए के ज़ैन एलन रदरफोर्ड की बराबरी की, लेकिन काउंटर अटैक पर टेकडाउन के कारण मानदंड पर 2-2 से हार गए।यह सुजीत ही थे जो जबरदस्त जवाबी हमले के साथ सबसे पहले बोर्ड पर चढ़े। टेकडाउन पर वह अंक गंवाने ही वाला था, लेकिन उसने अपने त्वरित जवाबी प्रदर्शन से अमेरिकी को आश्चर्यचकित कर दिया और काफी समय तक मुकाबले में बढ़त बनाए रखी।एक और टेक-डाउन की तलाश में, वह रदरफोर्ड के पीछे चला गया, लेकिन अब अमेरिकी की बारी थी कि वह जवाबी कदम उठाए क्योंकि उसे सर्कल के अंत के पास टेक-डाउन मिल गया था।रदरफोर्ड ने विजेता बनने के लिए स्कोरलाइन बनाए रखी।सुजीत की हार का मतलब यह भी है कि डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार करने के कारण निलंबित किए गए बजरंग पुनिया की अगर पेरिस जाने की कोई उम्मीद थी, तो वह टूट गई है।

## मियामी एफ1 ट्रैक पर मिका हक्किनन के साथ हॉट लैप के दौरान युवराज सिंह

**मुंबई।** भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह पिछले ग्रांड प्रिक्स सप्ताहांत के दौरान मियामी एफ1 सर्किट की गर्म हवा के बाद मिचली और स्तब्ध हो गए थे।2011 विश्व कप विजेता स्टार को दो बार के फॉर्मूला वन चैंपियन ड्राइवर मिका हक्किनेन ने ट्रैक पर घुमाया।युवी ने लैप से पहले मिका को आसानी से आगे बढ़ने के लिए कहा और फिर फिनिश दिग्गज द्वारा प्रदान की गई गति और रोमांच से दंग रह गए।मैं इस तरह गाड़ी नहीं चला सकता, युवी ने मुस्कुराते हुए हक्किनेन से कहा, जिसके बाद वह भारतीय से उसकी स्थिति के बारे में पूछता है।भयभीत युवराज ने हंसते हुए जवाब दिया, मुझे लग रहा है कि मेरी कॉफी बाहर आ रही है। लैप के अंत में युवी स्पोर्ट्स कार से काफी प्रभावित दिखे। युवी ने हक्किनेन से हाथ मिलाने से पहले कहा, अब मुझे लगता है कि मैं वापस जाऊंगा और यह कार खरीदूंगा।मियामी स्न1 सप्ताहांत में युवराज की उपस्थिति द्धष्टष्ट ज्ञ20 विश्व कप 2024 के राजदूत के रूप में थी। उन्होंने सप्ताहांत समारोह के हिस्से के रूप में दौड़ से पहले ट्रैक पर T20 WC ट्रॉफी को गर्व से प्रदर्शित किया।युवी अतीत में स्न1 रेस में नियमित रहे हैं। उन्होंने पिछले साल करीना कपूर खान के साथ प्यूमा के ब्रांड एंबेसडर के रूप में मोनाको ग्रांड प्रिक्स में भाग लिया था।

## ईशांत शर्मा ने विराट कोहली को आउट करने के बाद जोरदार विदाई दी

**मुंबई।** आईपीएल 2024 के 61वें मैच के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज विराट कोहली के बीच तीखी झड़प हो गई।डीसी द्वारा टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद आरसीबी की पारी के चौथे ओवर में दिल्ली के अनुभवी क्रिकेटर बल्ले और गेंद के बीच देखने-देखने की लड़ाई में शामिल थे।ईशान के दूसरे ओवर की शुरुआत कोहली ने चौका और छक्का जड़कर की जिसके बाद तेज गेंदबाज और बल्लेबाज के बीच कुछ बातें हुईं।लेकिन ईशांत को आखिरी हंसी आई, क्योंकि दो गेंद बाद कोहली ने 26 रन पर विकेटकीपर के पास एक वाइड गेंद फेंकी। ईशांत अपने अच्छे दोस्त को खबर देने से पहले खुशी से उछल पड़े।35 वर्षीय खिलाड़ी कोहली के सामने रुके और उन्हें पीछे से टक्कर देने के लिए नीचे झुके। कोहली ने एक शब्द भी नहीं कहा और इस सीज़न में एक दुर्लभ विफलता के बाद ड्रेसिंग रूम में वापस चले गए।गौरतलब है कि इशांत और कोहली दोनों बचपन के दोस्त हैं और दिल्ली में एक साथ क्रिकेट खेलते हुए बड़े हुए हैं। ईशांत भारतीय टीम में कोहली के सीनियर थे, उन्होंने एक साल पहले 2007 में डेब्यू किया था।कोहली के विकेट से आरसीबी का स्कोर 3.4 ओवर में 2 विकेट पर 36 रन हो गया। यह मैच दोनों पक्षों के लिए जीतना जरूरी है क्योंकि आरसीबी या डीसी में से किसी एक की हार उन्हें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर देगी।

## गुंडप्पा विश्वनाथ के बेटे की शादी के रिसेप्शन में सुनील गावस्कर ने जमकर किया डांस

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज गुंडप्पा विश्वनाथ के बेटे दैविक की हाल ही में ग्रीस में शादी हुई और परिवार ने अपने गृहनगर बेंगलुरु में एक भव्य शादी का रिसेप्शन आयोजित किया।विश्वनाथ के बहनोई सुनील गावस्कर भी समारोह का हिस्सा थे और नवविवाहित जोड़े और उनके परिवारों के साथ जमकर नाचते नजर आए।विश्वनाथ भी अपनी पत्नी, बेटे और बहू के साथ थिरकते नजर आए.जो लोग यह बात पहले से नहीं जानते उनके लिए बता दें कि सुनील गावस्कर की बहन कविता की शादी गुंडप्पा विश्वनाथ से हुई है। यह जोड़ा मार्च, 1978 में शादी के बंधन में बंध गया।विश्वनाथ भारतीय क्रिकेट टीम में गावस्कर के सीनियर थे, भले ही गावस्कर केवल एक वर्ष छोटे हैं।विशी के नाम से मशहूर विश्वनाथ ने 1969 से 1983 तक भारत के लिए 91 टेस्ट और 25 एकदिवसीय मैच खेले।

# हंडरस्टॉर्म टाइटंस ने फर्स्ट क्यू स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग चैंपियन का खिताब जीता

एजेंसी

**बेंगलुरु।** थंडरस्टॉर्म टाइटन्स ने बॉरिंग इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु द्वारा आयोजित क्यू स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग 2024 का पहला संस्करण जीता। आर संतोष के नेतृत्व में थंडरस्टॉर्म टाइटंस ने सौरव कोठारी के नेतृत्व वाले समर टस्कर्स के खिलाफ 7 में से 4-1 गेम जीते। एम्बेसी ग्रुप के निदेशक राजेश बजाज और बिलियर्ड्स-बॉरिंग इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष राघवेंद्र वाईआर ने शीर्ष अभिनेत्री रागिनी द्विवेदी और बॉरिंग के सचिव श्री एचएस श्रीकांत और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विजेताओं को ट्रॉफी सौंपी। स्नूकर सिंगल्स के फाइनल के पहले मैच में थंडरस्टॉर्म टाइटंस के



मनन चंद्रा ने समर टस्कर्स के सौरव कोठारी को हराकर फाइनल में शुरुआती बढ़त बना ली। फाइनल का दूसरा, तीसरा और चौथा मैच स्नूकर डबल्स था जिसमें टाइटंस ने पहले और दूसरे डबल्स में टस्कर्स को हराया, जबकि टस्कर्स ने तीसरा डबल्स जीता5वें फ्रेम में टाइटन्स के कप्तान आर संतोष ने डी राजकुमार को काली गेंद पर हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। 13 बार के राष्ट्रीय चैंपियन, मनन चंद्रा ने फाइनल में सभी का ध्यान आकर्षित किया क्योंकि उन्होंने लंबे समय तक चले करीबी मुकाबले में जबरदस्त एकाग्रता और दृढ़ता दिखाते हुए अंततः टाइटंस की जीत पक्की कर दी। मनन चंद्रा को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लीग के उभरते खिलाड़ी दैविक बंसी थे, लीग का सर्वोच्च ब्रेक ब्रिजेश दमानी था, लीग की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी श्री हरि और कुशल थी।

## कोहली आईपीएल में एक टीम के लिए 250 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग में किसी एक टीम के लिए 250 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बनकर इतिहास रच



दिया। रविवार को बेंगलुरु में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के मैच के दौरान वह इस मुकाम पर पहुंचे। जबकि एमएस धोनी (263 मैच), रोहित शर्मा (256 मैच), और दिनेश कार्तिक (254 मैच) ने आईपीएल में 250 से अधिक खेल खेले हैं, उन्होंने अपने पूरे करियर में कई टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। आरसीबी के लिए 249 मैचों में विराट ने 38.71 की औसत और 131.64 की स्ट्राइक रेट से 7897 रन बनाए हैं, जिसमें आठ शतक और 55 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113 है. वह 2009, 2011 और 2016 में तीन बार आईपीएल फाइनल में पहुंचे हैं, लेकिन अभी तक आईपीएल की सफलता का स्वाद नहीं चख पाए हैं। विराट टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और उनके नाम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक हैं। विराट के नाम टूर्नामेंट के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी है, उन्होंने 2016 में 16 मैचों में 81 से अधिक की औसत, 152 से ऊपर की स्ट्राइक रेट के साथ 973 रन बनाए थे, जिसमें उनके बल्ले से चार अर्द्धशतक और सात शतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113 है. मौजूदा सीजन में 12 मैचों में 70.44 की औसत और 153.51 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बनाकर विराट के पास सबसे ज्यादा रनों के मामले में ऑरेंज कैप है। उन्होंने एक शतक और पांच अर्द्धशतक बनाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113 है।

# पीसीबी प्रमुख ने डबलिन में क्रिकेट टीम से कहा, आखिरी गेंद तक लड़ें

एजेंसी

**डबलिन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच से पहले राष्ट्रीय टीम को 'आखिरी गेंद तक लड़ने' के लिए कहा।- जब वह आयरिश राजधानी डबलिन में पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों से मिले, तो पीसीबी ने उन्हें यह कहते हुए उद्धृत किया: आखिरी गेंद तक लड़ो; प्रतिस्पर्धा स्पष्ट होनी चाहिए। आयरलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली टी20 जीत दर्ज की, जो पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 182-5 के मजबूत स्कोर का बचाव नहीं कर सका, जिससे बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम की विश्व कप की तैयारियों को करारा झटका लगा। अगले महीने संयुक्त राज्य अमेरिका में जगह।

आयरलैंड से हार, जो टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के ग्रुप में है, घरेलू सरजमीं पर श्रृंखला ड्रा होने के बाद आई, जिसमें न्यूजीलैंड टीम के अधिकांश पहली पसंद के खिलाड़ी गायब थे। बाबर को हाल ही में कप्तान के रूप में बहाल किए जाने के साथ, यह उनकी टूर्नामेंट की



तैयारी के लिए एक और बड़ी चुनौती थी। आज का मैच शाम 7 बजे शुरू होगा, जिसमें आयरलैंड सीरीज में 1-0 से आगे है. एक्स पर एक पोस्ट में, पीसीबी ने नकवी का ग्रीन शर्ट्स से मुलाकात और उनसे बात करते हुए एक वीडियो साझा किया, जिसमें कहा गया कि दो घंटे की बैठक के दौरान कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। टीम को प्रोत्साहित करते हुए, पीसीबी अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से कड़ी मेहनत, जुनून और पेशेवर दृष्टिकोण के साथ खेलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट को एक अद्वितीय और आक्रामक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि जीत तभी संभव है जब क्रिकेट आधुनिक तरीके से खेला जाए। पीसीबी ने टीम से कहा, एक कार्य योजना एक कमरे में बैठकर बनाई जा सकती है लेकिन असली परीक्षा जमीन पर होती है, जहां प्रदर्शन दिखना चाहिए। नकवी ने सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निस्संदेह प्रतिभाशाली, पेशेवर और सर्वश्रेष्ठ बताया, साथ ही कहा कि टीम का गेंदबाजी आक्रमण शानदार था। हालाँकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्ररक्षण करते समय बहुत अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि प्रतिद्वंद्वी को गोल करने का कोई मौका न मिल सके।

खिलाड़ी पाकिस्तान के लिए उम्मीद हैं और आपको देश की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। पीसीबी अध्यक्ष ने कहा, टीम वर्क जीत के लिए बुनियादी चीज है। उन्होंने कहा कि जनता क्रिकेट को पसंद करती है और उन्हें टीम से उम्मीदें हैं। नकवी ने कहा कि टीम के सभी 11 खिलाड़ी एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे तो सफलता मिलेगी. उन्होंने कहा,आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच में हार को कोई स्वीकार नहीं कर रहा है। आयरलैंड और इंग्लैंड के बाद असली परीक्षा विश्व कप है।

## कार्लसन ने जीता रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट, प्रगनानंदा को चौथा स्थान

**नई दिल्ली।** मैग्नस कार्लसन ने सुपरबेट रेपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है। वहीं, भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहे। यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है। अंतिम दिन कार्लसन ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से आठ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। चीन के वेई यी अंतिम दिन 2.5 अंक की बढ़त के साथ उतरे थे, लेकिन अंतिम नौ बाजियों में पांच ही अंक जुटा सके और दूसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन ने अंतिम दिन सात बाजी जीती और दो ड्रॉ की। उन्होंने कुल 26 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वेई उनसे आधा अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहे। पोलैंड के डुडा यान क्रिस्टोफ ने 19.5 अंक के साथ तीसरा, जबकि प्रगनानंदा ने 19 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया। भारत के अर्जुन एरिगेसी 18 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने 17.5 अंक के साथ छठा, जबकि किरिल शेवचेनकोव ने 17 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया।

## आरसीबी के खिलाफ हार के बाद डीसी कप्तान ने कहा-छोड़े गए कैचों ने टीम को नुकसान पहुंचाया

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली 47 रन की हार के बाद, दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि छोड़े गए कैचों ने टीम को नुकसान पहुंचाया। अक्षर ने मैच में बल्ले से अकेले दिल्ली के लिए संघर्ष किया और 146.15 की स्ट्राइक रेट से 39 गेंदों में 57 रन बनाए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 5 चौके और 3 छक्के लगाए। मैच के बाद अक्षर ने कहा कि आरसीबी के खिलाफ मैच के दौरान मिसफील्डिंग से उन्हें नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि 160-170 रन बराबर स्कोर हो सकते थे। दिल्ली के खिलाड़ियों ने मैच में चार कैच छोड़े।

उन्होंने कहा, छोड़े गए कैच ने हमें नुकसान पहुंचाया। उन्हें 150 तक सीमित किया जा सकता था। जब आप लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में चार विकेट खो देते हैं, तो आप हमेशा मैच में पीछे हो जाते हैं। 160-170 बराबर स्कोर होता। पिच



दो गति वाली थी। कुछ गेंदे फिसल रही थीं तो कुछ पकड़ कर आ रही थीं। जब आपके मुख्य खिलाड़ी रन आउट हो जाते हैं और आप पावरप्ले में चार विकेट खो देते हैं, तो कुछ भी हो सकता है।

# बेंगलुरु ने दिल्ली को 47 रनो से हराया

एजेंसी

**मुंबई।** फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में महाधमाका कर दिया है. उसने खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से करारी शिकस्त दी और पॉइंट्स टेबल में भी लंबी छलांग लगाई.बेंगलुरु के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए ऋष्क्रटीम ने 188 रनों का टारगेट सेट किया था. जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 19.1 ओवरों में 140 रन ही बना सकी और मैच गंवा दिया.इस मुकाबले में एक मैच के प्रतिबंध के कारण ऋषभ पंत नहीं खेले. ऐसे में टीम स्ट्रगल करती नजर आई. पंत की जगह अक्षर पटेल ने कप्तानी संभाली और टीम के लिए 39 गेंदों पर सबसे ज्यादा 57 रनों की पारी भी खेली. हालांकि वो टीम को जीत नहीं दिला सके.उनके अलावा शाई होप ने 29 और जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने 21 रन बनाए. दूसरी ओर आरसीबी के



गेंदबाजों ने मिलकर दमदार खेल दिखाया. यश दयाल ने 3 और लोकी फर्ग्यूसन ने 2 विकेट हासिल किए.

जबकि स्वप्निल सिंह, मोहम्मद सिराज और कैमरन ग्रीन ने 1-1 विकेट लिया.टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए बेंगलुरु टीम ने 9 विकेट गंवाकर 187 रन बनाए. कोहली का IPL में यह 250वां मैच रहा, जिसमें वो 13 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुए. मगर रजत पाटीदार ने धमाल कर दिया. उन्होंने 29 गेंदों पर फिफ्टी जमाई. पाटीदार ने 32 गेंदों पर 52 रनों की आतिशी पारी खेली.जबकि विल जैक्स ने 29 गेंदों पर 41 रन जड़े. पाटीदार और जैक्स के बीच 53 गेंदों पर 88 रनों की पार्टनरशिप हुई. आखिर में कैमरन ग्रीन ने 24 बॉल पर 32 रन बनाए. दूसरी ओर दिल्ली के लिए खलील अहमद और रसिक सलाम ने 2-2 विकेट झटके.

जबकि ईशांत शर्मा, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को 1-1 सफलता मिली.IPL में जब भी दिल्ली और बेंगलुरु के बीच टक्कर हुई है, तब मुकाबला रोचक ही रहा है. दोनों के बीच अब तक 31 मैच खेले गए, जिसमें आरसीबी का पलड़ा भारी रहा. उसने 19 मुकाबले अपने नाम किए, जबकि 11 में दिल्ली को जीत मिली. एक मुकाबला बेनतीजा रहा।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान रॉयल को पांच विकेट से हराया

एजेंसी

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का 61वां मैच रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और राजस्थान रॉयल (आरआर) के बीच खेला गया। मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में राजस्थान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की टीम ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली।

इस मैच में जीत के साथ सीएसके अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। टीम के 13 मैचों के बाद सात जीत और छह हार के साथ 14 अंक हो गए हैं। राजस्थान की टीम 12 मैचों में आठ जीत और चार हार के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है। टीम के 16 अंक हैं। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके को कप्तान



ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रवींद्र ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने शुरुआती तीन ओवर में 28 रन बटोर लिए। टीम का पहला विकेट 32 के स्कोर पर गिरा। रचिन 18 गेंदों में 2 छक्के और एक चौके की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान ऋतुराज ने डेरिल मिचेल के साथ पारी आगे बढ़ाई और पावरप्ले की समाप्ति तक टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचा दिया। सीएसके को दूसरा झटका डेरिल मिचेल के रूप में लगा। मिचेल 22 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल के बाद बल्लेबाजी के लिए आए मोइन अली भी 13 गेंदो पर 10 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। पिछली कुछ पारियों से बड़े रन बनाने से जूझ रहे शिवम दुबे भी 11 गेंदों पर 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सीएसके का पांचवां विकेट रविन्द्र जडेजा के रूप में गिरा। जडेजा को फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट करार दिया गया। जडेजा ने 5 रन बनाए। इस दौरान दूसरे छोर से कप्तान ऋतुराज जमे रहे और टीम को जीताकर लौटे। ऋतुराज ने नाबाद 41 गेंदों पर 2 छक्के और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाए।

राजस्थान की तरफ से रविचंद्रन अश्विन ने 2 विकेट, नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले, मैच में बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाए। राजस्थान टीम की बल्लेबाजी मैच में खराब रही। टीम के बल्लेबाज शुरू से ही रन बनाने के लिए जूझते नजर आए। टीम के लिए रियान पराग ने 35 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 47 रन बनाए। रियान के अलावा ध्रुव जुरेल ने 28 रन, यशस्वी जायसवाल 24 रन, जोस बटलर 21 रन, कप्तान संजू सैमसन ने 15 रन बनाए। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिए, जबकि तुषार देशपांडे ने दो विकेट झटके।

# विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर: भारत ने दो कोटा के साथ अभियान समाप्त किया

एजेंसी

**इस्तांबुल।** भारत ने विश्व ओलंपिक कुश्ती क्वालीफायर में अपना अभियान दो पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा के साथ समाप्त किया, जो पहलवान अमन सहरावत और निशा दहिया ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में हासिल किए। निशा और अमन ने भारतीय पहलवानों के कोटे की संख्या छह तक पहुंचा दी है। इस्तांबुल की यह प्रतियोगिता भारत के लिए कुश्ती में पेरिस 2024 कोटा हासिल करने का आखिरी मौका था। आयोजन के अंतिम दिन, सुजीत कलकल और जयदीप अहलावत को अपने कांस्य पदक मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। 65 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सुजीत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन रविवार को एशियाई खेलों के चैंपियन मंगोलिया के तोमर-ओचिरिन तुल्गा से हार गए। जब स्कोर 2-2 से बराबर था तब उन्हें यूएसए के ज़ैन रदरफोर्ड ने मानदंड के आधार पर हराया था। प्रत्येक




डिवीजन में दोनों फाइनलिस्टों ने अपने देशों के लिए 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा सुरक्षित कर लिया है। तीसरा कोटा एक विशेष भार वर्ग के कांस्य पदक विजेताओं के बीच प्लेऑफ़ मैच के विजेता को मिला।2021 में टोक्यो ओलंपिक में पुरुषों के 65 किग्रा में कांस्य पदक हासिल करने वाले बजरंग पुनिया क्वालीफायर के लिए भारतीय कुश्ती टीम का हिस्सा नहीं थे।क्वार्टर फाइनल में हार के बाद 74 किग्रा के रेपेचेज राउंड में जगह बनाने वाले जयदीप अहलावत को कांस्य पदक मुकाबले में तुर्किये के सोनेर डेमिरतास के खिलाफ 2-1 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इससे पहले रेपेचेज राउंड में तुर्कमेनिस्तान के अर्सलान अमानमिरादोव को 11-0 से हराया था। कुल 14 भारतीय पहलवान 9 से 12 मई तक क्वालीफायर में खेले।

अमन ने 57 किग्रा वर्ग में ओलंपिक 2024 कोटा हासिल किया, जो पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत का पहला कोटा है। टोक्यो ओलंपिक में 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया भी क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में असफल रहे।

# रेनेगेड्स ने सेकोम्बे, स्टार्स ने क्लिंट मकॉय को उच्च प्रदर्शन प्रबंधक नियुक्त किया

एजेंसी

**मेलबर्न।** मेलबर्न रेनेगेड्स ने वेड सेकोम्बे और मेलबर्न स्टार्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज क्लिंट मकॉय को अपने नए उच्च प्रदर्शन प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, सेकोम्बे के कोचिंग में इस साल की शुरुआत में ब्रिस्बेन हीट ने अपना दूसरा बीबीएल खिताब जीता था, लेकिन पुरुषों की शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में टीम के खराब प्रदर्शन के कारण क्वींसलैंड क्रिकेट की समीक्षा के बाद उन्होंने हीट और क्वींसलैंड कोच के पद से हटा दिया गया था।



सेकोम्बे इस महीने के अंत में रेनेगेड्स के साथ पूर्णकालिक भूमिका निभाने के लिए ब्रिस्बेन से मेलबर्न चले जाएंगे। मकॉय स्टार्स के बैकरूम स्टाफ से, जहां वह गेंदबाजी कोच थे, अपनी नई भूमिका में चले गए हैं। मकॉय को पिछले दो वर्षों में नियमित रूप से ऑस्ट्रेलिया के कोचिंग सेट-अप में स्टैंड-इन व्हाइट-बॉल गेंदबाजी कोच के रूप में शामिल किया गया है। दोनों नियुक्तियाँ दो बीबीएल क्लबों और विक्टोरिया के उच्च प्रदर्शन कार्यक्रम के बीच अधिक तालमेल लाएगी जो ग्राहम मनौ द्वारा चलाया जाता है।मनौ ने एक बयान में कहा, क्लिंट और वेड जैसी क्षमता वाले दो लोगों का क्रिकेट विक्टोरिया में हमारे क्रिकेट प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होना और हमारे दोनों बिग बैश क्लबों के साथ मिलकर काम करना वास्तव में सुखद है। उन्होंने आगे कहा, वे टी20 कौशल और क्षमता पर विशेष ध्यान देने के साथ प्रतिभा प्रबंधन और पहचान प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे हमारे मौजूदा अभिजात वर्ग और विकास कार्यक्रमों का भी सक्रिय हिस्सा होंगे, जो हमारे कार्यक्रमों के भीतर टी20 क्रिकेट पर नए सिरे से जोर देंगे। डेविड सेकर को उनके अनुबंध पर एक साल के लिए बर्खास्त किए जाने के बाद सेकोम्बे का पहला काम रेनेगेड्स में एक नए मुख्य कोच की भर्ती की देखरेख करना होगा।

## बजरंग का एक्सपायरी किट से सैंपल लेने पहुंचे डीसीओ को हटाया, नाडा ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग का एक्सपायरी किट के साथ सैंपल लेने पहुंचे डोप कंट्रोल ऑफिसर (डीसीओ) को हटा दिया गया है। नाडा ने डीसीओ के खिलाफ कार्रवाई मामले की प्रारंभिक जांच के बाद की है। वहीं ट्रायल में सैंपल नहीं दिए जाने के आरोप में अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किए गए बजरंग ने नाडा को नोटिस का जवाब दे दिया है। उन्होंने इस मामले की जल्द सुनवाई की मांग की है। जांच में पाया गया कि 13 दिसंबर, 2023 को डीसीओ बजरंग के आवास पर सैंपल की किट नाडा ऑफिस से ले जाने की बजाय अपने पास से पुरानी किट ले गया था। सैंपल देने का समय सुबह आठ बजे था।

